# युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

लखीमपुर-खीरी

फोन नम्बर :05872–263188 ई–मेल : ydpgcollege@gmail.com


दिनांक : 09.04.2025

## सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत (लखनऊ विश्वविद्यालय) छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सम सेमेस्टर जून–2025 स्नातक (बी.ए., बी.एससी., बी.काम.) द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम सेमेस्टर व परास्नातक (एम.ए.–अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान व एम.काम–वाणिज्य एवं एम.एससी.–वनस्पति विज्ञान) तथा बी.एड. द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर के **नियमित परीक्षाओं** के ऑनलाइन परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.lkouniv.ac.in** पर भरने की **अन्तिम तिथि दिनांक 26.04.2025 है।**

अतः समस्त छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरकर **शुल्क रसीद** एवं शासन/विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एकेडमिक बैंक ऑफ केडिट पोर्टल **www.abc.gov.in** पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कर **ABC आई.डी.** की प्रति सहित दिनांक **29.04.2025** तक महाविद्यालय में कक्षावार निर्धारित काउंटर पर अवश्य जमा कर दें।

नोटः–

1. **बैक पेपर/इंपूवमेंट/इक्जेम्प्ट के छात्र–छात्रायें महाविद्यालय कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर शुल्क रसीद संलग्न करेंगे।**
2. **छात्र–छात्रायें कक्षावार निर्धारित वोकेशनल विषय (सूचना महाविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड) का ही चयन करें।**
3. **परीक्षा फार्म में किसी भी प्रकार की त्रुटि हेतु विद्यार्थी का परीक्षा फार्म महाविद्यालय (कंप्यूटर कक्ष) से रीसेट किया जायेगा।**
4. **समस्त छात्र–छात्रायें पुस्तकालय से निर्गत पुस्तकों को जमा कर अदेयता (NO Dues) अवश्य प्राप्त कर लें।**

### परीक्षा फार्म हेतु आवश्यक संलग्नक

1. **परीक्षा फार्म।**
2. **शुल्क रसीद की प्रति।**
3. **पूर्व कक्षा की अंकतालिका।**
4. **ABC/PAAR आई.डी.।**

Hemant 9.4.2025

प्राचार्य

प्राचार्य/PRINCIPAL
यु० द० महाविद्यालय/Y.D.P.G. College
लखीमपुर–खीरी/Lakhimpur-Kheri

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि/पनिका/25-209

दिनांक: 08.04.2025

**कार्यालय ज्ञाप**

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं प्राचार्य/प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि स्नातक/परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की सम **सेमेस्टर-2025 के** नियमित/बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट एवं इक्जेम्टेड परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.lkouniv.ac.in** पर भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 26.04.2025 निर्धारित की जाती है।**

1. स्नातक एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 से प्रवेशित छात्रों हेतु राष्ट्रगौरव लागू किया गया है, जिसे उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। साथ ही विगत वर्षो में यदि कोई छात्र अपनी राष्ट्रगौरव की परीक्षा उत्तीर्ण नही कर सके है तो वह अपना परीक्षाफार्म ऑनलाइन माध्यम से भरकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है।
2. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षाफार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मो को ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची **दिनांक 29.04.2025 तक अनिवार्य रूप** से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है।
3. बैकपेपर/इम्प्रूवमेन्ट/इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करते हुए सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मो ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची **दिनांक 29.04.2025** तक परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
5. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय को ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्मो को लॉगिन से अग्रसारित किया जायेगा।
6. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए उक्त आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की सूची के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध व्यवस्था के अनुसार जमा करते हुए समस्त परीक्षाफार्मो की सूची शुल्क रसीद सहित निम्नानुसार **दिनांक 29.04.2025 तक परीक्षा विभाग,** लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. छात्रों द्वारा ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि/समस्या हेतु **Helpline number 7897999211 , 7897992064 WhatsApp No. 7897992062, Landline no. 0522-4150500 and E-mail lu.support@otpl.co.in** पर मेल कर सकते है।

8.4.2025

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/प्रभारी, वेबसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा/कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

8.4.2025

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।